# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय के एकल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक सूचना (विज्ञापन संख्या–04/2016)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय के एकल पद पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार दिनांक–**22.09.2016** को निर्धारित है।

**2.** साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार अपना साक्षात्कार पत्र (Call Letter) दिनांक–**15.09.2016** से दिनांक–**21.09.2016** तक आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** से अपना नाम एवं जन्म तिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। साक्षात्कार पत्र (Call Letter) डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण–पत्रों एवं साक्षात्कार पत्र में निदेशित वांछित अभिलेखों के साथ आयोग में उपस्थित रहेंगे। आवेदकों को साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

**3.** आयोग के वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के हेल्पलाईन नं0–**0651–2213009** पर संपर्क कर सकते है अथवा दिनांक–**20.09.2016** से **21.09.2016** तक कार्यालय अवधि में आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम एवं जन्म तिथि के साथ आवेदन देकर साक्षात्कार पत्र प्राप्त कर सकते है।

**4.** अस्वीकृत आवेदकों की सूची कारण सहित आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। अस्वीकरण के प्रति कोई आपत्ति यदि हो तो दिनांक **12.09.2016** तक सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची, सर्कुलर रोड, रांची– 834001 के पते पर विज्ञापन संख्या अंकित करते हुए स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हाथों–हाथ (कार्यावधि में) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**5.** यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची